दिनांक 07.06.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए ने सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुना।
- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेगें–शपथग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में शाम छह बजे आयोजित किया जाएगा।
- रिजर्व बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर साढे छह प्रतिशत पर ही रखने का फैसला लिया।
- चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रसिद्ध मसाला कम्पनियों के असुरक्षित पाये गये मसालों को तत्काल प्रभाव से सीज किए जाने के निर्देश दिये।

000

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन – एनडीए ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया हैं। नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने श्री मोदी को एनडीए का नेता चुनने का प्रस्ताव रखा और एनडीए के सभी घटक दलों के नेताओं ने इसका समर्थन किया। राजनाथ सिंह ने श्री मोदी का नाम प्रस्तावित करते हुए कहा कि वे इस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि देश ने उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन देखा है। बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने श्री मोदी के प्रति अपना समर्थन जताते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि वे सभी एक साथ आए हैं और अब सभी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए उन दलों का समूह नहीं है जो सत्ता के लिए एक साथ आए हैं, बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध गठबंधन है।

-------------------------------

000

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में शाम छह बजे आयोजित किया जाएगा। आज एन डी ए संसदीय दल की बैठक के दौरान भाजपा नेता प्रहलाद जोशी ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, श्री मोदी को शपथ दिलायेंगी। साथ ही नये मंत्रिमण्डल को भी शपथ दिलाई जायेगी।

000

रिजर्व बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर साढे छह प्रतिशत पर ही रखने का फैसला लिया है। शीर्ष बैंक ने लगातार आठवीं बार रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया। स्टैंडिंग डिपोजिट फैसिलिटी–एसडीएफ दर छह दशमलव दो–पांच प्रतिशत पर और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी–एमएसएफ दर तथा बैंक दर छह दशमलव सात–पांच प्रतिशत पर ही रखी गयी है। शीर्ष बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन की बैठक 5 जून को शुरू हुई थी। बैठक के बाद निर्णयों की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर शक्ति कांत दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति सामान्य मॉनसून के अनुमान के बीच खाद्य मुद्रास्फीति पर नजर बनाये रखेगी। रिजर्व बैंक ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान 7 प्रतिशत से बढाकर सात दशमलव दो प्रतिशत कर दिया है।

000

देश में आगामी एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। उनमें समय की मांग के अनुसार नये प्रावधान शामिल किये गए हैं। इसी के बारे में जागरूकता के लिये आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिन में नई श्रृंखला शुरू की गई है। इसमें हम श्रोताओं को इन कानूनों में किये गये नये प्रावधानों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। आज हम आपको आर्थिक अपराधों के संबंध में लाये गये नये प्रावधानों के बारे में बता रहे हैं। आर्थिक अपराधों में अब आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी, हवाला लेन–देन, सामूहिक, विपणन धोखाधड़ी और व्यक्तियों या बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों को धोखा देने की योजनाएं जैसे अपराध भी शामिल किए गए हैं। यदि अपराध के कारण जीवन की हानि होती है, तो अपराधी को या तो मृत्युदण्ड या आजीवन कारावास का सामना करना पडेगा, साथ ही कम से कम 10 लाख रूपये का अनिवार्य जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, संगठित अपराधों में सहायता करने वाले व्यक्तियों के लिए उचित दण्ड के प्रावधान मौजूद हैं। नये प्रावधानों के जरिये घोषित अपराधियों को उनकी सम्पत्ति जब्त करके दण्डित किया जाएगा। साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अदालत को घोषित अपराधियों की अनुपस्थिति में मुकदमा चलाने की अनुमति देता है।

000

राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालय ऐसे नवाचार अपनाएं जिससे विद्यार्थी स्थानीय संसाधनों का समुचित उपयोग करने के साथ वैश्विक रूप में अपने आप को समर्थ बना सकें ।

श्री मिश्र आज बीकानेर में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि दीक्षा शिक्षा का अंत नहीं है, बल्कि इस पड़ाव से आगे जीवन नए ढंग से शुरू होता है।

-------------------------

राज्यपाल ने ये भी कहा कि बीकानेर की संस्कृति और यहां के साहित्य आलोक में यह विश्वविद्यालय नई पीढ़ी को दिशा दे। इससे पहले राज्यपाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना और मूल कर्त्तव्यों का वाचन किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित विभिन्न पुस्तकों का विमोचन भी किया। दीक्षान्त समारोह में 2021 की स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षा में उत्तीर्ण 1 लाख 26 हजार 880 अभ्यर्थियों को उपाधि प्रदान की गई । साथ ही इसी वर्ष की परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त करने वाले 54 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए।

000

-------------------------

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रसिद्ध मसाला कम्पनियों के असुरक्षित पाये गये मसालों को तत्काल प्रभाव से सीज किए जाने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में मसालों के सैम्पल लेने के लिए पिछले महीने विशेष अभियान चलाया गया था। इस अभियान के तहत नामी कम्पनियों सहित विभिन्न कम्पनियों के मसालों के प्रदेशभर में कुल 93 नमूने लिए गए। राज्य केंद्रीय जनस्वास्थ्य प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट के अनुसार कुछ नमूनों में पेस्टीसाइड और इनसेक्टीसाइड की मात्रा काफी अधिक पाई गई। श्रीमती सिंह ने बताया कि कुछ मसालों की निर्माण इकाई हरियाणा और गुजरात में होने के कारण वहां के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों को उस बारे में कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है। साथ ही, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को भी इन मामलों में कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि जांच में एमडीएच, एवरेस्ट, गजानंद, श्याम,

शीबा ताजा जैसी नामी कपंनियों के मसाले अनसेफ पाए गए हैं। श्री खान ने बताया कि इन कंपनियों के अन्य मसालों तथा अनसेफ बैच के अतिरिक्त अन्य बैचेज़ के भी नमूने लिए जाएंगे।

000

प्रदेश में आज भी कई जगह तेज आंधी चलने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जयपुर में सुबह से आसमान में धूल छाई हुई थी। दोपहर में कुछ देर तेज आंधी के बाद हल्की बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। जिले के ग्रामीण इलाकों में भी आंधी से जनजीवन पर असर पड़ा। **चूरू** में दोपहर बाद आंधी चली जिससे लोगों को परेशानी हुई। **भीलवाडा** जिले के गुलाबपुरा क्षेत्र में आज पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला। दोपहर बाद कुछ देर के लिए तेज गर्जना के साथ हल्की बारिश हुई जिसके कारण तापमान में गिरावट हुई है। **शाहपुरा** जिले के फूलियाकलां उपखण्ड में मेघ गर्जना के साथ आंधी और हल्की बारिश हुई। **जोधपुर ग्रामीण और टोंक** जिले में भी आंधी बारिश के हालात रहे। **पाली** में कई दिनों से लगातार गर्मी बढ़ रही है। गर्मी से बचाव के लिए मंडिया रोड स्थित पेट्रोल पंप पर आमजन के लिए फव्वारे लगाए गए हैं। साथ ही समाजसेवियों द्वारा राहगीरों को कैरी की छाछ पिलाई जा रही है।

000

झालावाड के कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट में एक यूनिट का बॉयलर फट जाने से बड़ा हादसा हो गया। पुलिस और जिला प्रशासन, चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग, नगरपरिषद नगरपालिका झालरापाटन की करीब एक दर्जन दलकलें थर्मल परियोजना स्थल पर तुरंत पहुंच गये। बाद में प्रशासन ने बताया कि ये मोकड्रिल था और इसमें सभी विभागों की कार्य क्षमता सही पाई गई।

000

विकसित राजस्थान 2047 के संबंध में दौसा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के 100 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। कार्यशाला में कृषि, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता, डेयरी और कृषि विपणन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों ने अपने विभाग की योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी। साथ ही किसानों को खेती के साथ—साथ पशुपालन, डेयरी क्षेत्र में भी नवाचार के बारे में बताया गया।
भरतपुर में भी इसी तरह की कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में कृषि जोत की चकबंदी, बाजरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, शहद का समर्थन मूल्य निर्धारित करने, जैविक खेती के किसानों को अनुदान और सहकारी समितियों की आधारभूत संरचना और

विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई । कार्यशाला में किसानों और पशुपालको की आय बढ़ाने के लिए सुझाव लिए गए।

000

राज्य सरकार ने गर्मी के मौसम को देखते हुए गौशालाओं को 1 करोड़ 40 लाख रूपये का अतिरिक्त प्रावधान मंजूर किया है। इस राशि से गौशालाओं में पानी की अतिरिक्त सप्लाई, खाद्य आपूर्ति तथा छाया की व्यवस्था की जा सकेगी। गौपालन विभाग की निदेशक शालिनी माथुर ने अजमेर में ये जानकारी दी। उन्होंने जिले की पुष्कर घाटी, लोहार्गल और नारेली गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान पशुपालन उपनिदेशक ने बताया कि जिले में 36 गौशालाओं को अनुदान दिया जा रहा है। उधर पाली जिले में कुल 254 गौशालाओं का सर्वे किया गया है। इनमें 88 हजार से ज्यादा गौवंश संधारित हैं। राज्य सरकार द्वारा छोटे गौवंश को 20 रुपए और बड़े गौवंश को 40 रुपए रोजाना की दर से चारा पानी के लिये भुगतान किया जा रहा है।

000